दिन–बुधवार दिनांक– 22/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है। इस चरण के लिए प्रचार कल शाम समाप्त हो जायेगा। छठे चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज संसदीय क्षेत्रों में पच्चीस मई को मतदान होगा। इस चरण में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद राधामोहन सिंह, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल, लवली आनंद, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, हिना शहाब समेत नवासी उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर है।

————————————————————————

विभिन्न दलों और गठबंधन के स्चार प्रचारको और वरिष्ठ नेताओं ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव आज वैशाली के बरूराज, सीवान के दरौली, गोपालगंज के जादोपुर, पश्चिम चम्पारण के सुगौली और शिवहर के चिरैया में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद है। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में विभिन्न स्थानों पर जनसभा को संबोधित कर रहे हैं।

————————————————————————

भाजपा ने काराकाट संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने पत्र जारी कर कहा है कि काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए के आधिकारिक प्रत्याशी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण यह कार्रवाई की गयी है। गौरतलब है कि पवन सिंह को पार्टी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से मना कर काराकाट सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया।

————————————————————————

छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हुयी हिंसक झड़प और गोलीबारी के मामले में चुनाव आयोग ने सारण के जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। साथ ही किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरे इलाके में केन्द्रीय बलों को

तैनात रखने के निर्देश दिये गये हैं। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए रैपिड एक्शन फोर्स और सीआरपीएफ की तैनाती की गयी है। पूरे इलाके में इंटरनेट सेवाएं कल तक के लिए बंद कर दी गयी है। ताजा जानकारी के अनुसार क्षेत्र में शांति बनी हुई है।

छपरा में इंटरनेट सेवा बंद होने के कारण चार केन्द्रों पर आज और कल होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी रद्द कर दी गयी है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। परीक्षा के आयोजन की तिथि बाद में जारी की जायेगी।

महात्मा बुद्ध के दो हजार पांच सौ अड़सठवें जयंती समारोह के अवसर पर कल ज्ञान स्थली बोधगया में विशेष समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर महाबोधि मंदिर बिहार को पंचशील झंडो और रंग–बिरंगे रौशनी से सजाया गया है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इधर, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति ने आज से तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर की शुरूआत की है। साथ ही समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गया रेलवे स्टेशन से बोधगया तक तीन दिनों के लिए मुफ्त बस सेवा की भी शुरूआत की गयी है। इधर, पटना के कदमकुआं स्थित बुद्ध मूर्ति के पास गौतम बुद्ध विहार में भी बुद्ध पूर्णिमां समारो का आयोजन किया जायेगा।

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम सामान्य बना हुआ है। इधर, पूरबा हवा के प्रभाव से राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्णियां में सबसे अधिक छियानवे दशमलव चार मिलीमीटार वर्षा दर्ज की गयी। वहीं बांका के बौंसी में अट्ठासी दशमलव दो और धोरैया में बहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों तक राज्य के विभिन्न भागों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा की परिस्थितियां बनी हुई है। वहीं, राज्य के उत्तरी और पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ हल्की बारिश की सम्भावना है।

गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने गया और आनंद विहार के बीच चलाई जा रही विशेष ट्रेन की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। अब यह ट्रेन तीस मई तक चलायी जायेगी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।